
RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831







हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

• वर्ष : 11 • • अंक 137 • • नवम्बर, 2016 • • मूल्य : 15/- •

## संत लिखमीदास मन्दिर अमरपुरा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

**5 दिसंबर, 2016**



**कलश यात्रा**
1 दिसंबर 2016

**भव्य कथा**
1-5 दिसम्बर 2016

**भजन संध्या**
: 2 दिसम्बर 2016

**बोलियां**
1-5 दिसम्बर 2016

# महात्मा फूले वाडा पूणें में पुण्यतिथि पर की गई सजावट


















RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

# माली सैनी सन्देश

● वर्ष :11 ● अंक 137 ● 30 नवम्बर 2016 ● मूल्य : 15/- प्रति

सम्पादक मण्डल

संरक्षक :



श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा
(अध्यक्ष, ठेकेदार ऐसोसियेशन,
नगर निगम, जोधपुर)

सह संरक्षक:



श्री ब्रह्मसिंह चौहान
(उपाध्यक्ष,भाजपा, जोधपुर)

प्रेस फोटोग्राफर
जगदीश देवड़ा
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

मार्केटिंग इंचार्ज
रामेश्वर गहलोत
(मो. 94146 02415)

कम्प्यूटर
इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर
(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

## इस अंक में

आवरण कथा

माली जाति शिक्षा प्रचारक संघ, फालना ( पाली ) के 50वें स्थापना दिवस पर भव्य समारोह

## स्वर्ण जंयति समारोह बड़ी उपलब्धि - अशोक गहलोत




सम्पादकीय
संत शिरोमणि लिखमीदासजी महाराज मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा
स्वर्ण जयंति समारोह बड़ी उपलब्धि - अशोक गहलोत
प्रजातंत्र बचाने के लिए सौ प्रतिशत हो आरक्षण - राजकुमार सैनी
दलित उत्थान के मसीहा 'फूले'
जोधपुर भवन हरिद्वार की आम सभा में 1.61लाख का बजट पारित
माली सैनी समाज का सामूहिक विवाह सम्पन्न
शिक्षा से समाज का विकास संभव- तुलिका सैनी
मतभेद मिटाकर संगठित होकर आगे बढ़े समाज - सैनी
मुरादाबाद में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह की झलकियां
भभूताराम सोलंकी बने सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फौरमके राष्ट्रीय संयोजक
समाज रत्न स्वर्गीय भगवान सिंह परिहार की प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान के पोस्टर का विमोचन
प्रदेश माली सैनी महासभा की प्रदेश मिटिंग में सामाजिक एवं राजनैतिक जनता चेतना की बात
पूर्व मुख्यमंत्री ने माली नवजागरण वार्षिक कलैण्डर का लोकार्पण
आज का युवा भारत का भाग्य : संदीप सैनी
नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन
प्रो. ए. के. गहलोत को मिलेगा बेस्ट कुलपति अवार्ड - 2016
रामी माली प्रतिभाओं का सम्मान
नई दिल्ली में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में सैनी समाज के सैकड़ों लोग लाभान्वित
वंदना सैनी को महिला हॉकी टीम की कप्तानी
एकता से समाज का विकास सम्भव - गहलोत
मनीष सैनी का नेट में हुआ चयन
ललित गहलोत की नियुक्ति पर हर्ष
फूले ब्रिगेड के महाधिवेशन के पोस्टर का विमोचन
लेखाकार परीक्षा में समाज के दो युवाओं का चयन

# सम्पादक की कलम से . . .



**आदरणीय बंधुवर**

राजस्थान में मारवाड़ माली सैनी समाज समाजहित में बहुउद्देशीय सम्मेलनों/समारोहों के आयोजन में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। समाज की धर्मशालाएँ, शिक्षण संस्थान, छात्रावास एवं सामुदायिक भवनों की स्थापना के पश्चात शैक्षिक जागरूकता की दृष्टि से प्रोत्साहन, पुरस्कार सम्मेलन, स्कॉलरशिप, राजनैतिक दृष्टि से एकता सम्मेलन, पारस्परिक सद्भावना की दृष्टि से स्नेह सम्मेलन तथा उपयुक्त व सफल वैवाहिक सम्बन्धों की दृष्टि से युवक युवती परिचय सम्मेलनों का आयोजन होने लगा है।

आज की तेजी से दौड़ती इस जिदंगी में वर्तमान परिस्थितियों का मूल्याकंन करें तो हम पायेंगे कि आज के इस आधुनिक युग एवं बदलते परिवेश में हम सभी के बीच की दूरी बढ़ रही है। आज सभी के पास समय का आभाव है, समाज का प्रत्येक वर्ग अलग-थलग और दूर दूर तक व्यापार, उद्योग एवं नौकरी हेतु फैले हुए है। इस कारण समाज के प्रत्येक माता पिता को अपने विवाह योग्य पुत्र/पुत्री के लिए रिश्तों हेतु योग्य कन्या/वर का चयन करने में कठिनाई आती है। यहां तक कि विदेशों में हमारी समाज के उच्च पदों पर आसीन योग्य युवक/युवती के माता पिता भी इस समस्या से त्रस्त हैं।

वैवाहिक संबध अच्छा हो इसके लिए यह आवश्यक है कि समान गुण, समान धर्म, समान रंगरूप, समान आर्थिक स्थिति तथा समान आचार-विचार वाले वर-कन्या पक्ष का पारस्परिक वैवाहिक संबध स्थापित होना चाहिए ताकि आजीवन सुख-संतोषपूर्वक संबधों (वैवाहिक) का निर्वाह हो सके। एक दूसरे के प्रति समर्पण भाव ही वैवाहिक जीवन की सुदृढ़ता प्रदान करता है। सुदृढ़ वैवाहिक जीवन की सुख समृद्धि का मूल आधार है। आज प्रत्येक माता पिता यह चाहते है कि अपने लड़के - लड़कियों का वैवाहिक संबध सोच विचार कर स्थापित किया जाए ताकि उनका दाम्पत्य जीवन सुखी हो।

जनसंख्या वृद्धि के साथ साथ समाज की जनसंख्या में भी वृद्धि, शहर की उत्तरोत्तर वृद्धि को प्राप्त होता क्षेत्रफल, व्यावसायिक व्यस्तता तथा व्यक्तिगत सम्पर्क के आभाव में अच्छे संबधों की स्थापना में भी लम्बे समय से माली सैनी संदेश सामाचार पत्रिका के माध्यम से सफलतापूर्वक कार्य किया जा रहा है। श्रेष्ठ वैवाहिक संबधों के लिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण हे कि उनके पास संबध के अधिक से अधिक विकल्प हो। परिचय सम्मेलन केवल वैवाहिक विकल्प ही उपलब्ध नहीं करवाते अपितु समाज में पारस्परिक स्नेह, सौहार्द, संगठन व सहयोग की भावना को बढ़ावा देते है। अत: इनके सामाजिक जागरूकता की दृष्टि से इनके आयोजन की उपयोगिता स्वत: ही सिद्ध है। सुविधा की दृष्टि से किसी उपयुक्त स्थान पर आवश्यक व पर्याप्त प्रचार प्रसार के साथ परिचय सम्मेलन का आयोजन हमारे समक्ष वैवाहिक सम्बन्ध के विकल्पों की विपुलता जुटाता है।

इसी कड़ी में शनिवार 24 दिसम्बर, 2016 को अखिल भारतीय माली सैनी युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लड़की की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा लड़के की न्युनतम आयु 21 वर्ष अवश्य होनी चाहिये। इसमें सम्मलित होने के लिए आप अपने विवाय योग्य युवक/युवती का परिचय विवरण बुधवार, 16 दिसंबर, 2016 तक हमारे कार्यालय में जमा करवा इस सम्मेलन में भागीदारी सुनिश्चित करें। पूर्व में पत्रिका द्वारा सामाजिक सरोकार के आयोजन में समाज के सहयोग से मिली सफलता मिली है, हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि हम इस आयोजन को भी सभी की भागीदारी से पूर्ण जिम्मेदारी से सफलतापूर्वक संपन्न कर सामाजिक जिम्मेवारी का निर्वहन करेगें।



**मनीष गहलोत**

## समाज के इतिहास का सबसे बड़ा भव्य कार्यक्रम संत शिरोमणी लिखमीदास जी महाराज मंदिर

# प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 1 से 5 दिसंबर तक



नागौर। अमरपुरा स्थित संत शिरोमणी लिखमीदास जी महाराज मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर 1 से 5 दिसंबर तक होने वाले कार्यक्रमों को लेकर पूर्व मंत्री व संत लिखमीदास जी स्मारक विकास संस्थान के अध्यक्ष राजेन्द्र गहलोत की अध्यक्षता में संपूर्ण भारत के महत्वपूर्ण जिलों बैठक आयोजित की गई। संस्थान अध्यक्ष राजेन्द्र गहलोत ने सभी को जानकारी देते हुए बताया कि 1 से 4 दिसंबर तक रामप्रसाद जी महाराज के मुखारबिंद से कथा वाचन का आयोजन होगा। 3 दिसंबर को भजन संध्या का आयोजन होगा जिसमें रमेश माली, रामेश्वर माली, प्रकाश माली गोहली, हर्ष माली सहित भजन कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां की जाएगी। वहीं 4 दिसंबर को आयोजित होने वाली भजन संध्या में ख्याति प्राप्त कलाकार प्रकाश माली की ओर से भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी।

इस दौरान 1 से 5 दिसंबर तक विभिन्न बोलियों का कार्यक्रम रहेगा तथा हेलिकॉप्टर द्वारा पुष्प वर्षा की जायेगी। संस्थान अध्यक्ष ने बताया कि संपूर्ण भारत से समाज के सभी वर्ग बड़ी संख्या में कार्यक्रम में भाग लेगे। 1 दिसंबर को भव्य कलश यात्रा भी निकाली जायेगी जिसमें समाज की महिलाऐं बड़ी संख्या में भाग लेगी।

इस भव्यतम आयोजन के लिए युवा वाहिनी के माध्यम से समाज के युवा वर्गो को अधिक से अधिक जोड़ने के लिए सभी जिलों एवं ग्रामिणों क्षेत्रों में संत लिखमीदास जी महाराज युवा वाहिनी के विभिन्न पदों पर नियुक्तियां दी गई है। समाज के युवा वर्ग को जागृत करने के लिए युवा वाहिनी के प्रदेशाध्यक्ष चिमनाराम कच्छवाहा पिछले 4 महीनों से सभी जिलों में युवा कार्यकारिणी का गठन कर रहे है तथा समाज के नव नियुक्त युवा वाहिनी पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता समाज के प्रत्येक घर, ढ़ाणी, तहसील, गांवों में पीले चावल बांट कर इस प्राण प्रतिष्ठा में सभी वर्गो को ज्यादा से ज्यादा आने का न्यौता दे रहे है।

## भव्य स्मारक उद्घाटन एवं मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं कार्यक्रम

| | | |
|---|---|---|
| कलश यात्रा | : | 1 दिसंबर, प्रात: 8.00 बजे राठौड़ी कुंआ, नया दरवाजा गांधी चौक, दिल्ली दरवाजा नागौर शहरसे अमरपुरा धाम |
| भव्य कथा | : | रामस्नेही संत श्री रामप्रसाद जी महाराज के श्रीमुख से<br>श्री भक्त चरित्र कथा आयोजन का सीधा प्रसारण साधना चैनल पर भी :<br>1 दिसंबर से 3 दिसंबर तक प्रतिदिन दोपहर 12.00 बजे से 3.00 बजे तक<br>4 दिसंबर से 5 दिसंबर तक प्रात : 9.00 बजे से 12.00 बजे तक |
| भजन संध्या | : | 2 दिसंबर, 2016 से 3 दिसंबर प्रसिद्व गायक कलाकार श्री रमेश माली, रामेश्वर माली सेवाड़ी प्रकाश माली गोयली, हर्ष माली बालोतरा, प्रमोद परिहार पाली, राजू माली बालोतरा द्वारा<br>4 दिसंबर, 2016 प्रसिद्व गायक कलाकार प्रकाश माली बालोतरा व जोगभारती महाराज |
| बोलियां | : | मंदिर में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की बोलियां 1 से 4 दिसंबर तक निर्धारित होगी। |

### स्मारक उद्घाटन एवं मंदिर प्राण प्रतिष्ठा

**सोमवार, 5 दिसंबर, 2016 ( विक्रम संवत 2073, तिथि मार्गशीर्ष सुदी 6 )**

**मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम प्रात : 11 बजे से**

**इस स्मारक उद्घाटन समारोह एवं देव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर सपरिवार पधारकर भव्य आयोजन की शोभा बढ़ावें।**

## माली जाति शिक्षा प्रचारक संघ, फालना ( पाली ) के 50वें स्थापना दिवस पर भव्य समारोह

# स्वर्ण जंयति समारोह बड़ी उपलब्धि - अशोक गहलोत




फालना। माली छात्रावास के 50वर्ष पूर्ण होने पर माली समाज छात्रावास का तीन दिवसीय स्वर्ण जयंति समारोह माली जाति शिक्षा प्रचारक संघ के संरक्षक एवं संस्था प्रधान शंकरलाल गहलोत एवं संतो के सानिध्य में आयोजित किया गया।

इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि आज के समय में शिक्षा के लिए छात्रावास जरूरी है। गांवों में रहने वाले विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए शहर जाना पड़ता है तथा छात्रावास सुविधा होने से अध्ययन करने में आसानी होती है। संस्थान द्वारा बाल छात्रावास बनाया जा रहा है, वो इस समाज की अनूठी मिसाल कायम होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अशोक गहलोत ने पूर्व मंत्री स्वर्गीय रघुनाथ परिहार को भी याद करते हुए कहा की उनका अटूट एवं पूराना संबध है तथा इसमें सहयोग करने वाले भामाशाहों का हार्दिक आभार प्रकट किया। आपने अपने उद्‌बोधन में प्रगतिशील समाज के लिए कुरीतिया बंद होनी चाहिए तथा समाज हर क्षैत्र में आगे बढ़े इसी भावना व शुभकामनाओं के साथ सबका आभार प्रकट किया। इससे पूर्व अशोक गहलोत ने संस्था में महात्मा ज्योति बा फूले, माता सावित्री बाई फूले की प्रतिमा को माल्यार्पण किया बाद में संस्था परिसर में प्रस्तावित बाल छात्रावास भवन तथा स्व. रघुनाथ परिहार स्मृति हाल का शिलान्यास कर नव निर्मित कक्षों का उद्‌घाटन एवं लोकापर्ण किया।

इससे पूर्व स्वर्ण जयंति समारोह का शुभारंभ प्रातकालीन शुभवेला में गुरूकुल आर्य समाज शिवगंज की कन्याओं द्वारा संस्था के विभिन्न पदाधिकारियों एवं यजमानों के सहयोग से पावन यज्ञ से हुआ। समारोह में आने वाले विभिन्न जिलों एवं प्रदेशों के जनप्रतिनिधियों का ढ़ोल नगाड़ों से किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि पूर्व मंत्री रामकिशोर सैनी, समाजसेवी ताराचंद गहलोत पुष्कर, प्रदेश माली सैनी महासभा के चैयरमेन ऊंकारराम कच्छवाहा, सेवाराम दग्दी प्रदेशाध्यक्ष आल इण्डिया सैनी सेवा समाज, जी एम परमार, दीपक भाटी, पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, भारताराम सुंदेशा सहित अनेक गणमान्य प्रबुद्व जनों की उपस्थिति में समाज के लिखमीदास जी महाराज, महात्मा फूले एवं माता सावित्री बाई फूले को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया।

समारोह को संबोधित करते हुए वरिष्ठ समाज सेवी ऊंकारराम कच्छवाहा ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि शिक्षा से ही जीवन में अज्ञान रूपी अंधकार का नाश होकर ज्ञान रूपी प्रकाश फैलता है। आपने शिक्षा के क्षैत्र में संस्था की क्रांतिकारी भूमिका की सराहना की। आपने अपने उद्‌बोधन में कैरियर निर्माण के लिए कोंगि कक्षाओं की व्यवस्था की आवश्यकता प्रतिपादित की। युवा नेता सुश्री कोमल ने अपने उद्‌बोधन में बेटी को परिवार व समाज का गौरव बताया। महिला प्रतिनिधि व प्रखर वक्ता ललिता मेरवाल ने आज से 50 वर्ष पूर्व समाज के बुर्जुगों ने शिक्षा के महत्व को समजा तथा छात्रावास की स्थापना की फिर भी समजा में पिछड़ेपन को दुख का एकमात्र कारण बताया। उन्होंने महिलाओं को आगे आने की बात कही।

सेवानिवृत प्रधानाचार्य किशनलाल सांखला ने अपने संबोधन में समाज में छात्रावासों का निर्माण ही प्रयाप्त नहीं है उनमें अधिकाधिक सुविधायें उपलब्ध करके सुसंचालन करना आवश्यक है। इस अवसर पर पाली के पूर्व सांसद ब्रदीलाल जाखड़, राजसीको के पूर्व अध्यक्ष सुनील परिहार, समाज सेवी रघुभाई देवड़ा, शंकरलाल गहलोत सहित अनेकों मंचासीन प्रबुद्वजनों का माल्यार्पण एवं साफा बांधकर बहुमान किया गया।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने स्वर्ण जंयति समारोह के अवसर पर प्रकाशित स्मारिका प्रगति का विमोचन किया। प्रगति पुस्तिका के संपादक किशनलाल सांखला का भी मुख्य अतिथि अशोक गहलोत ने साफा व माल्यार्पण कर सम्मान किया। संस्थान के मुख्य संरक्षक व प्रधान शंकरलाल गहलोत ने स्वागत सत्कार करते हुए अपने स्वागत भाषण में उन सीाी समाज सेवियों के प्रति कृतज्ञाता एवं आभार प्रकट किया। स्वर्ण जयंति संयोजक मोतीबाबा ने अपने उद्‌बोधन में सर्व प्रथम संस्थापक सदस्यों को नमन किया जिन्होंने लगभग 50 वर्ष पूर्व इस संस्था की स्थापना कर अपने शिक्षा प्रेम का परिचय दिया। आपने कहा कि समाज के उन पंचों में रीति रिवाज संबधी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये और



फालना। माली छात्रावास के 50वर्ष पूर्ण होने पर माली समाज छात्रावास का तीन दिवसीय स्वर्ण जयंति समारोह माली जाति शिक्षा प्रचारक संघ के संरक्षक एवं संस्था प्रधान शंकरलाल गहलोत एवं संतो के सानिध्य में आयोजित किया गया।

इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि आज के समय में शिक्षा के लिए छात्रावास जरूरी है। गांवों में रहने वाले विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए शहर जाना पड़ता है तथा छात्रावास सुविधा होने से अध्ययन करने में आसानी होती है। संस्थान द्वारा बाल छात्रावास बनाया जा रहा है, वो इस समाज की अनूठी मिसाल कायम होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अशोक गहलोत ने पूर्व मंत्री स्वर्गीय रघुनाथ परिहार को भी याद करते हुए कहा की उनका अटूट एवं पूराना संबध है तथा इसमें सहयोग करने वाले भामाशाहों का हार्दिक आभार प्रकट किया। आपने अपने उद्‌बोधन में प्रगतिशील समाज के लिए कुरीतिया बंद होनी चाहिए तथा समाज हर क्षेत्र में आगे बढ़े इसी भावना व शुभकामनाओं के साथ सबका आभार प्रकट किया। इससे पूर्व अशोक गहलोत ने संस्था में महात्मा ज्योति बा फूले, माता सावित्री बाई फूले की प्रतिमा को माल्यार्पण किया बाद में संस्था परिसर में प्रस्तावित बाल छात्रावास भवन तथा स्व. रघुनाथ परिहार स्मृति हाल का शिलान्यास कर नव निर्मित कक्षों का उद्‌घाटन एवं लोकापर्ण किया।

इससे पूर्व स्वर्ण जयंति समारोह का शुभारंभ प्रातकालीन शुभवेला में गुरूकुल आर्य समाज शिवगंज की कन्याओं द्वारा संस्था के विभिन्न पदाधिकारियों एवं यजमानों के सहयोग से पावन यज्ञ से हुआ। समारोह में आने वाले विभिन्न जिलों एवं प्रदेशों के जनप्रतिनिधियों का ढ़ोल नगाड़ों से किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि पूर्व मंत्री रामकिशोर सैनी, समाजसेवी ताराचंद गहलोत पुष्कर, प्रदेश माली सैनी महासभा के चैयरमेन ऊंकारराम कच्छवाहा, सेवाराम दग्दी प्रदेशाध्यक्ष आल इण्डिया सैनी सेवा समाज, जी एम परमार, दीपक भाटी, पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, भारताराम सुंदेशा सहित अनेक गणमान्य प्रबुद्व जनों की उपस्थिति में समाज के लिखमीदास जी महाराज, महात्मा फूले एवं माता सावित्री बाई फूले को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया।

समारोह को संबोधित करते हुए वरिष्ठ समाज सेवी ऊंकारराम कच्छवाहा ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि शिक्षा से ही जीवन में अज्ञान रूपी अंधकार का नाश होकर ज्ञान रूपी प्रकाश फैलता है। आपने शिक्षा के क्षेत्र में संस्था की क्रांतिकारी भूमिका की सराहना की। आपने अपने उद्‌बोधन में कैरियर निर्माण के लिए कोंगि कक्षाओं की व्यवस्था की आवश्यकता प्रतिपादित की। युवा नेता सुश्री कोमल ने अपने उद्‌बोधन में बेटी को परिवार व समाज का गौरव बताया। महिला प्रतिनिधि व प्रखर वक्ता ललिता मेरवाल ने आज से 50 वर्ष पूर्व समाज के बुर्जुगों ने शिक्षा के महत्व को समजा तथा छात्रावास की स्थापना की फिर भी समजा में पिछड़ेपन को दुख का एकमात्र कारण बताया। उन्होंने महिलाओं को आगे आने की बात कही।

सेवानिवृत प्रधानाचार्य किशनलाल सांखला ने अपने संबोधन में समाज में छात्रावासों का निर्माण ही प्रयाप्त नहीं है उनमें अधिकाधिक सुविधायें उपलब्ध करके सुसंचालन करना आवश्यक है। इस अवसर पर पाली के पूर्व सांसद ब्रदीलाल जाखड़, राजसीको के पूर्व अध्यक्ष सुनील परिहार, समाज सेवी रघुभाई देवड़ा, शंकरलाल गहलोत सहित अनेकों मंचासीन प्रबुद्वजनों का माल्यार्पण एवं साफा बांधकर बहुमान किया गया।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने स्वर्ण जंयति समारोह के अवसर पर प्रकाशित स्मारिका प्रगति का विमोचन किया। प्रगति पुस्तिका के संपादक किशनलाल सांखला का भी मुख्य अतिथि अशोक गहलोत ने साफा व माल्यार्पण कर सम्मान किया। संस्थान के मुख्य संरक्षक व प्रधान शंकरलाल गहलोत ने स्वागत सत्कार करते हुए अपने स्वागत भाषण में उन सीाी समाज सेवियों के प्रति कृतज्ञाता एवं आभार प्रकट किया। स्वर्ण जयंति संयोजक मोतीबाबा ने अपने उद्‌बोधन में सर्व प्रथम संस्थापक सदस्यों को नमन किया जिन्होंने लगभग 50 वर्ष पूर्व इस संस्था की स्थापना कर अपने शिक्षा प्रेम का परिचय दिया। आपने कहा कि समाज के उन पंचों में रीति रिवाज संबधी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये और

मृत्युभोज जैसी कुरीति को छोड़कर छात्रावास निर्मित करने की परम्परा स्थापित की। संस्था के 50 वर्ष के ऐतिहासिक काल में शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन करते हुए एक नया इतिहास बनाया। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धि प्राप्त करने पर समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया। जिसमें 10वीं, 12वीं, एवं उच्च शिक्षा में सफलता प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मंच का मुख्य कार्यक्रम संपन्न हुआ।

रात्रीकालीन सत्र में भजन संध्या का आयोजन हुआ जिसमें प्रमुख गायक कलाकार रामेश्वर माली ने अपनी मधुर स्वर से श्रद्वालु भक्त श्रौताओं को भक्ति रस से सरोबर किया। इस बीच विभिन्न बोलियों के चढ़ावों की बोली लगाई गई जिसमें भामाशाहों ने भाग लेकर संस्था को सहयोग प्रदान किया।

स्वर्ण जयंति के दूसरे दिन मंगल कार्यक्रम का शुभारंभ संत शिरोमणी लिखमीदास जी महाराज की मूर्ति स्थापित की गई साथ ही समाज के संत शिवरामदास जी महाराज के साथ मोतीबाब तथा संस्था के पदाधिकारियों से साथ समाज के सभी वर्गो ने नाचते झूमते फालना के प्रमुख मार्गो से शोभा यात्रा निकाली जिसका कई जगहों पर अभिनंदन किया गया।

संतश्री के पावन सानिध्य में आज के गणमान्य अतिथियों फतेहपुर शेखावटी से आचार्य रामगोपाल शास्त्री, जी आर चण्डिया, बनवारीलाल सैनी, लक्ष्मीनारायण गहलोत, चेनाराम गहलोत, समाजसेवी गोपाल भाटी के अतिरिक्त संस्था के सहयोगी भामाशाह व दानदाता संस्था प्रधान शंकरलाल गहलोत सहित कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारियों एवं पदाधिकारियां व अन्य समाज प्रमुख समाज सेवी आसीन हुए। कार्यक्रम की आरंभ में माननीय अतिथियों ने सांयकालीन सत्र विभिन्न बोलियों का चढ़ावा लेने वाले भामाशाहों का भी

### रैली में देशभर से लाखों लोगों ने की शिरकत

# प्रजातंत्र बचाने के लिए सौ प्रतिशत हो आरक्षण - राजकुमार सैनी








कुरूक्षेत्र। महात्मा ज्योति बा फूले की 126 वी पुण्यतिथि पर सामाजिक न्याय समानता महासम्मेलन रैली में भाजपा सांसद राजकुमार सैनी ने जहां पार्टी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है वही कहा है कि अब किसी विशेष जाति को आरक्षण का लाभ नहीं लेने देंगे। जाति के आधार पर 100 प्रतिशत आरक्षण देने की बात भी कही। सांसद ने न्याय पालिका में बैठे लोगों की कार्य प्रणाली पर भी सवाल खड़ा किया। सांसद ने जहां मनरेगा को सिर्फ भ्रष्टाचार बताया वही रैली के माध्यम से देश में बढ़ रही जनसंख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे नियंत्रित करने के लिए कानून बनाने की वकालात की। सांसद ने अपना संबोधन शुरू करने से पहले महापुरूषों से लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तक को नमन किया। उन्होंने कहा कि आरक्षण देश में कलंक के रूप में जाने जाना लगा है। यदि प्रजातंत्र व देश को बचाना है तो जाति के अनुपात के आधार पर 100 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था करनी होगी। प्रदेश में आरक्षण के नाम पर हुई घटनाओं तथा प्रदेश की कुछ पिछली घटनाओं को जिक्र करते हुए न्याय पालिका में बैठे लोगों पर आरोप जड़े। यदि विशेष जाति के लोग प्रदेश में कोई घटना या वारदात को अंजाम देते है तो बड़ी आसानी से छूट जाते है। वे पिछले दिनों अपने साथ घटी घटना का उदाहरण देते हुए कहा कि जिन लोगों को जेल के अंदर होना चाहिए उन्हें 24 घंटे के अंदर जमानत मिल गई। सांसद ने कहा कि देश की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए दो बच्चों का कानून लागू करना होगा, तभी जन सुविधाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचेगा। मनरेगा दिहाड़ी को छोटे किसान के साथ जोड़ना होगा ताकि मजदूर को 300 दिन का रोजगार मिल सकें क्योंकि अभी तक मनरेगा में सिर्फ भ्रष्टाचार देखने को मिला है। उन्होंने एक बार फिर कहा कि प्रजातंत्र को बचाने के लिए राज्यसभा को भंग करना होगा क्योंकि राज्यसभा में बैठे लोग देश की प्रगति को रोक रहे है। रैली को केन्द्रीय मानव संसाधन राज्यमंत्री उपेन्द्र कुशवाहा संबोधित करते हुए कहा कि आर्थिक विषमता मिटाने में नोटबंदी प्रभावी साबित होगी देशभर में सामाजिक समानता को बनाने के लिए राजकुमार सैनी ने सही समय पर लड़ाई शुरू की है। इसे आगे बढ़ाने के लिए सभी को साथ देना होगा। उम्मीद से ज्यादा काम करना होगा, तभी समानता आएगी। उन्होंने कहा कि पिछड़ों को जो आरक्षण दिया है उसका सही तरीके से इस्तेमाल नहीं हो रहा है। ग्रेड जरूर बनाया गया है लेकिन प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा है। न्याय से लेकर नौकरियों में समुचित रूप से आरक्षण लागू नहीं हो रहा है। न्यायपालिका में पिछड़ा वर्ग का प्रतिनिधित्व न के बराबर है। सरकारी नौकरियां मिल नहीं रही है और प्राइवेट सेक्टर में नौकरी बढ़ रही है, इसलिए प्राइवेट सेक्टर में भी पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण निर्धारित किया जाना चाहिए ताकि सभी वर्गो का उत्थान हो सकें।

सम्मेलन मे पूर्व विधायक रोशनलाल आर्य, लोकतंत्र सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश यादव, महाराष्ट्र के पूर्व सांसद हरीभाउ राव, राजस्थान के डॉ. स्वामी रामेश्वरानंद, बिहार सांसद अजय निषाद, किशोर टाक, सुरेश सैनी, लालबहादूर, अतुल सैनी, ओमवीर, रामरतन गुर्जर, पवन सैनी, अश्वनी सहित अनेक लोगों ने संबोधित किया। थीम पार्क में आयोजित समानता रैली में उमड़े जन समूह पर हेलीकाफ्टर से हुई पुष्प वर्षा की गई। हेलीकॉफ्टर से पुष्प वर्षा को होती देखकर जनसमूह ने अपनी जगह से उठकर हाथ हिलाकर अभिवादन किया। करीब पांच मिनट तक रैली स्थल पर पुष्प वर्षा जारी रही। कार्यक्रम में जब तक सांसद राजकुमार सैनी नहीं पहुंचे तब तक पुष्प वर्षा जारी रही। रैली स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। करीब एक घंटा सांसद राजकुमार सैनी रैली स्थल पर रहे और इस दौरान पुलिस अधीक्षक स्वयं मौजूद रहे और सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाए रखी। इसके अतिरिक्त डीएस पी सहित अनेक पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा में कोताही न बरतने के निर्देश भी दिए। पुलिस अधीक्षक ने सुबह रैली स्थल का मुआयनना कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और फिर सांसद सैनी के रैली स्थल पर पहुंचने के बाद वहीं मौजूद रहे।





## अखिल भारतीय

# माली सैनी समाज युवक युवती परिचय सम्मेलन-2016

**शनिवार, 24 दिसम्बर, 2016 प्रातः 10.00 बजे से**

:: कार्यक्रम स्थल ::

प्रभु गार्डन, पानी की टंकी,
सिमरथवाला बेरा, मण्डोर, जोधपुर

:: आयोजक ::



हिन्दी मासिक

## माली सैनी सन्देश

email : info@malisainisandesh.com

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

3,जवरी भवन, महावीर कॉम्पलेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर मो. 94144 75464

malisainisandesh.com | mahatmajyotirao.org | malisaini.org

**HELP LINE : 98282 47868**

# युवक/युवती व्यक्तिगत विवरण

नवीनतम
फोटो

1. युवक/युवती का नाम ........................................ गौत्र ........................................
2. शैक्षिक योग्यता ........................................ विशेष योग्यता ........................................
3. जन्म तिथि ........................................ ऊँचाई .................... सेमी .................... वजन ........................................
4. शारीरिक रंग : गोरा/गेंहुआ/श्याम वर्ण ........................................ चश्में का प्रयोग : हां/नहीं .................... मांगलिक है या नहीं ....................
5. युवक/युवती कार्यरत है सरकारी/प्राईवेट/स्वयं का व्यापार ........................................

विस्तृत पता एवं संपर्क सूत्र ........................................

........................................ ई-मेल आई.डी. ........................................

6. पारिवारिक विवरण -

पिता का नाम श्री ........................................ माता का नाम श्रीमती ........................................

पिता/माता का निवास स्थान ........................................

........................................

फोन नंबर ........................................ मोबाईल नंबर ........................................

पिता/माता का व्यवसायिक/कार्यालय पता ........................................

........................................ फोन नंबर ........................................

वार्षिक आय ........................................ मकान - निजी/किराये का ........................................

भाई बहिन की संख्या विवाहित - भाइ .................... बहिन .................... अविवाहित- भाइ .................... बहिन ....................

7. ननिहाल पक्ष विवरण -

नाना/मामा का नाम व पूरा पता ........................................

........................................

फोन नंबर .................... मोबाईल नंबर ........................................

उक्त दी गई समस्त जानकारी पूर्ण रूप से सही है व हम इसकी पुष्टि करते है।

हस्ताक्षर अभिभावक दिनांक .................... हस्ताक्षर युवक/युवती

**नियम**

1. प्रत्याशी का पंजीयन शुल्क हेतु रू. 500/- है जो कि अंतिम रजिस्ट्रेशन तिथि के पूर्व जमा करवाना आवश्यक है। युवक/युवती परिचय सम्मेलन का पंजीयन आप हमारी वेब साईट - www.malisainisandesh.com पर भी कर सकते है। पंजीयन शुल्क पत्रिका के बैंक अकाउण्ट (A/C Details : MALI SAINI SANDESH, JODHPUR. BANK NAME : IDBI BANK. A/C NO. 0058102000073653. IFS CODE : IBKL0000058) में जमा करवा उसकी फोटो कॉपी हमें Whatsup कर सकते है।

2. माली सैनी समाज के राष्ट्र स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन का उद्देश्य समाज के विवाह योग्य युवक युवती के लिए योग्य वर/वधु के संभावित रिश्ते वाले दोनों पक्षों को मिला कर रिश्तें कायम कराने का हर संभव प्रयास करना है, इस हेतु युवती की न्यूनत्तम आयु 18 वर्ष व युवक की न्यूनत्तम आयु 21 वर्ष होना आवश्यक है।

3. परिचय सम्मेलन में केवल रजिस्ट्रड युवक/युवती एवं उनके दो परिजनों (माता/पिता, अभिभावक) को ही प्रवेश पत्र के माध्यम से प्रवेश दिया जायेगा।


4. रजिस्ट्रड युवक/युवती एवं उनके दो परिजनों (माता/पिता, अभिभावकों) के लिए भोजन एवं अल्पाहार की व्यवस्था हमारे द्वारा की जायेगी।

5. रजिस्ट्रड युवक/युवती के बॉयो-डाटा हमारी वेब-साईड www.malisainiyog.com पर उपलब्ध होगें। जिन्हें परिचय सम्मेलन के पश्चात केवल रजिस्ट्रड युवक/युवती को ही पासवर्ड के माध्यम (संबधित बॉयो -डाटा के दुरूपयोग नहीं होने के लिए) से उपलब्ध होगें।

6. पंजीयन हेतु रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि **गुरूवार, 15 दिसम्बर, 2016** रखी गई है। संलग्न रजिस्ट्रेशन फार्म अंतिम तिथि से पूर्व जमा करवा प्रवेश पत्र एवं रसीद प्राप्त कर लें।

## परिचय सम्मेलन आयोजन समिति

| | | |
|---|---|---|
| **श्री साहिबराम गहलोत**<br>(M) 9413324428 | **श्रीमती मीना सांखला**<br>(M) 7891100072 | **श्री जगन्नाथ गहलोत**<br>(M) 9829101116 |
| **श्री धमेन्द्र सांखला**<br>(M) 8829031072 | **सूश्री अनुलता गहलोत**<br>(M) 9414571692 | **श्री जगदीश देवड़ा**<br>(M) 9414914846 |
| **श्री पंकज साँखला**<br>(M) 9314728306 | **श्रीमती इंदू गहलोत**<br>(M) 96029994575 | **श्रीमती सरोज गहलोत**<br>(M) 8003572542 |
| | **सुश्री सुमित्रा गहलोत**<br>(M) 96676 82002 | |



# दलित उत्थान के मसीहा 'फूले'

**प्रखर विचारक एवं क्रांतिकारी महात्मा ज्योति बा फूले दूरदर्शी समाज सुधारक थे, जिन्होंने ऐसे विषयों पर बहुत पहले विचार किया और उसे लागू करने की कोशिश की, जिन पर अन्य लोगों ने आजादी के बाद सोचना शुरू किया। उन्होंने विशेष तौर पर महिलाओं और पिछड़ी जातियों की शिक्षा के लिए कार्य किया, जिसके लिए देश उन्हें हमेशा याद करेगा।**

देश में लड़कियों और महिलाओं की छवि बदली है, शहर से लेकर गावों तक रसोई के बजाए लड़कियां स्कूल और ऑफिस में दिखने लगी हैं। यही बदलती तस्वीर ही ज्योति राव गोविंदराव फूले के ख्वाब की हकीकत है, जिन्होंने समाज में औरतों को पुरूष के बराबर का दर्जा दिलाने और दलितों को सम्मानजनक जिंदगी बिताने के ख्वाब को अधिकार सहित पूरा किया। महाराष्ट्र में जिन लोगों ने स्त्री शिक्षा और अछूतोद्धार का काम किया, उनमें ज्योति बा फूले का नाम सबसे पहले आता है। फूले का जन्म महाराष्ट्र के सतारा जिले में माली जाति परिवार में हुआ। उनके पिता गोविंदराव सब्जी बेचने का काम करते थे। जब वह नौ महीने के थे तब उनकी माता का निधन हो गया। फूले को प्राथमिक शिक्षा पूरी करने के बाद उन्हें परिवार के कृषि कार्य में अपने पिता की मदद के लिए पढ़ाई छोड़नी पड़ी। बारह वर्ष की आयु में उनका विवाह सावित्री बाई फूले से हुआ। उन्होंने अपनी हाईस्कूल की पढ़ाई 1847 में पूरी कर ली। वह थॉमस पेन की पुस्तक 'राइट्स ऑफ मैन' से खासा प्रभावित हुए। इससे उनके भीतर सामाजिक न्याय को लेकर एक गहरी समझ पैदा हुई और वह भारतीय जाति व्यवस्था के आलोचक बन गए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सामाजिक असमानता को देर करने के लिए पिछड़ी जातियों ककी महिलाओं की शिक्षा आवश्यक है। 63 वर्ष की आयु में उनका 28 नवम्बर, 1890 को निधन हो गया।

**बनाए शिक्षा के मंदिर**

1848 में शुद्रातिशद्र (दलित) लड़कियों के लिए एक स्कूल की स्थापना की। 1848 में दलित लड़कियों के लिए स्कूल खोलना अपने आप में एक क्रांतिकारी कदम है। क्योंकि इसके 9 साल बाद मुंबई विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। उन्होंने 1848 में यह स्कूल खोलकर फूले ने उस वक्त समाज के ठेकेदारों को नाराज कर दिया था। उनके पिता गोविंदराव जी भी उस वक्त के सामंती समाज के बहुत ही महत्वपूर्ण व्यक्ति थे। दलित लड़कियों के स्कूल के मुद्दे पर बहुत झगड़ा भी हुआ, लेकिन फूले ने किसी की नहीं सुनी। नतीजतन, उन्हें 1849 को घर से निकाल दिया गया। सामाजिक बहिष्कार का जवाब फूले ने 1851 में दो और स्कूल खोलकर दिया। जब 1868 में उनके पिताजी की मृत्यु हो गई तो उन्होंने अपने परिवार के पीने के पानी वाले तालाब को अछूतों के लिए खोल दिया। 1873 में फूले ने सत्यशोधक समाज की स्थापना की और इसी साल उनकी पुस्तक गुलामगिरी का प्रकाशन हुआ।

**धर्म - जाति के कड़े विरोधी**

फूले के चिंतन के केन्द्र में मुख्य रूप से धर्म और जाति की अवधारणा है। वे कभी भी हिंदू धर्म शब्द का प्रयोग नहीं करते। वे उसे ब्राह्मणवाद के नाम से ही संबोधित करते है। उनका विश्वास था कि वे अपने एकाधिकार को स्थापित किए रहने के उद्देश्य से ही ब्राह्मणों ने श्रुति और स्मृति का अविष्कार किया था। इन्हीं ग्रंथो के जरिए ब्राह्मणों ने वर्ण व्यवस्था को दैवी रूप देने की कोशिश की। फूले को विश्वास था कि ब्राह्मणवाद एक ऐसी धार्मिम व्यवस्था थी जो ब्राह्मणों की प्रभुता की उच्चता को बौद्धिक और तार्किक आधार देने के लिए बनाई गई थी। न्यायशास्त्र में सत की जानकारी के लिए जिन 16 तरकीबों का वर्णन किया गया है, वितंड़ा उनमें से एक है।

फूले ने इसी वितंड़ा का सहारा लेकर ब्राह्मणवादी वर्चस्व को समाप्त करने की लड़ाई लड़ी। उन्होंने विष्णु के विभिन्न अवतारों का जोरदार विरोध किया। उनकी धारणा थी की न्याय पर आधारित व्यवस्था ही कारगर व्यवस्था सिद्ध होगी। ब्राह्मणवादी धर्म के ईश्वर और आर्यो की उत्पति के बारे में उनके विचार को समझने के लिए जरूरी है कि यह ध्याान में रखा जाए कि महात्मा फूले इतिहास नहीं लिख रहे थे। वे सामाजिक न्याय और समरसता के युद्ध की भावी सेनाओं के लिए बीजक लिख रहे थे।

**नहीं मानते थे कर्म विपाक**

फूले ने कर्म विपाक के सिद्धांत को भी खारिज कर दिया था, जिसमें जन्म जन्मांतर के पाप-पुण्य का हिसाब रखा जाता है। उनका कहना था कि यह सोच जाति व्यवस्था को बढ़ावा देती है इसलिए इसे फौरन खारिज किया जाना चाहिए। फूले के लेखन में कहीं भी पुनर्जन्म की बात का खंडन - मंडन नहीं किया गया ह। यह अजीब लगता है क्योंकि पुनर्जन्म का आधार तो कर्म विपाक ही है।

फूले ने जाति को उत्पादन के एक औजार के रूप में इस्तेमाल करने और ब्राह्मणों के आधिपत्य को स्थापित करने की एक विधा के रूप में देखा। उनके हिसाब से जाति भारतीय समाज की बुनियाद का काम भी करती थी। और उसके ऊपर बने ढांचे का भी। उन्होंने शुद्रातिशूद्र राजा बालिराज और विष्णु के वामनवतार के संघप्र का बार-बार जिक्र किया है। ऐसा लगता है कि उनके अंदर यह क्षमता थी कि वह सारे इतिहास की व्याख्या बालि राज-वामन संघर्ष के संदर्भ में कर सकते थे।

**सामाजिक परिवर्तन के हिमायती**

स्थापित व्यवस्था की खिलाफत करने वाले फूले क्रांतिकारी सामाजिक परिवर्तन की बात करते थे। उन्होंने चातुर्वण्य व्यवस्था को खारिज किया। ऋग्वेद के पुरूष सूक्त का, जिसके आधार पर वर्ण व्यवस्था की स्थापना हुई थी, को फर्जी बाताया और लैवर्णिक व्यवस्था की बात की। वे समतामूलक और न्याय आधारित समाज की स्थापना पर जोर देत थे। उनकी सोच रचनाओं में किसानों और खेतिहर मजदूरों के लिए विस्तृत योजना का उल्लेख है। पशुपालन, खेती, सिंचाई व्यवस्था सबके बारे में उन्होंने विस्तार से लिखा है। गरीब के बच्चों की शिक्षा पर उन्होंने बहुत जोर दिया। 150 साल पहले कृषि शिक्षा के लिए विद्यालयों की स्थापना की बात भी उन्होंने कही थी। कहते है कि 1875 में पुणे और अहमदनगर जिलों का किसान आंदोलन फूले की प्रेरणा से ही हुआ था। इस दौर के समाज सुधारकों में किसानों के बारे में विस्तार से सोच - विचार करने का रिवाज नहीं था, लेकिन फूले ने इसे अपने आंदोलन का हिस्सा बनाया।

स्त्रियों के बारे मेंफूले के विचार क्रांतिकारी थे। मनु की व्यवस्था में सभी वर्णो की औरतें शूद्र वाली श्रेणी में गिनी गई थी, लेकिन फूले ने स्त्री पुरूष को बराबर समझा। उन्होंने औरतों की आर्यभट्ट यानि ब्राह्मणवादी व्याख्या को गलत बताया। फूले ने विवाह प्रथा में बड़े सुधार की बात की। प्रचलित विवाह प्रथा के कर्मकांड में स्त्री को पुरूष के अधीन माना जाता था, लेकिन फूले का दर्शन हर स्त्र पर गैर बराबरी का विरोध करता था। उन्होंने पंडिता रमाबाई के समर्थन में लोगों को लामबंद यि। वे धर्म परिवर्तन के समर्थक नहीं थे, लेकिन महिला द्वारा अपने फैसले खुद लेने के सैद्धांतिक पक्ष का उन्होंने समर्थन किया।

फूले की किताब गुलामगिरी बहु कम पृष्ठों की किताब है, लेकिन इसमें बताए गए विचारों के आधार पर पश्चिमी और दक्षिणी भारत में बहुत सारे आंदोलन चले। उत्तर प्रदेश में चली अस्मिता की लड़ाई के बहुत सारे सूत्र गुलामगिरी में ढूंढ़े जा सकते है।

**आधूनिक भारत महात्मा फूले जैसी क्रांतिकारी विचारकों का हमेशा आभारी रहेगा।**

## संस्थान द्वारा किया गया दानदाताओं का सम्मान

# जोधपुर भवन हरिद्वार की आम सभा में 1.61लाख का बजट पारित





जोधपुर। अखिल भारतीय माली समाज संस्थान जोधपुर भवन भवन हरिद्वार धर्मशाला की साधरण सभा को आयोजित की गई। इससे संस्थान के वर्ष 2016-17 के 1.62 करोड़ के बजट प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस मौके दानदाता को सम्मान भी किया गया। संस्थान अध्यक्ष बाबूलाल पंवार को अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राजेन्द्र गहलोत ने कहा कि समाज कि समाज में दानदाताओं की कमी नही है। समाज के किसी भी कार्य के लिए पैंसों की कमी नही आएगी। नागौर में 1 से 5 दिसंबर तक लिखमीदास महाराज के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। राजसिको के पूर्व अध्यक्ष सुनील परिहार ने कहा एक हजार किमी दूर हरिद्वार में पुराने भवन का नवीनीकरण के सराहनीय कार्य किए है। उन्होनें समाज के किसी भी कार्य में पैसों की कमी नही आने देने का आश्वासन भी दिया।

माली संस्थान अध्यक्ष देवीचंद देवड़ा ने शैक्षणिक, धार्मिक व सामाजिक तक उन्नति के लिए प्रयास करने का आहान किया। संस्थान सचिव किशोर सिंह सांखला ने प्रगति रिपोर्ट पेश कीतथा वर्ष 2016-17 के 1.62 करोड़ के बजट प्रस्तावों को रखा। जिसे बाद में सर्वसम्मति से पारित किया गया। उन्होंने दोनों धर्मशाला में पिछली 31 मार्च, 2016 तक ठहरे यात्रियों की संख्या बताते हुए कहा कि भवन नं. 1 में कुल 30,417 तथा भवन नं. 2 में 3152 यात्रियों ने सुविधाओं का लाभ उठाया । इसके साथ ही अभी तक संस्थान के आजीवन सदस्यों की संख्या करीब 2588 हो गई है। जिसमें से 41 सदस्य वे है जिन्होंने 11,000 रूपये दान राशि दे आजीवन सदस्यता ग्रहण की है तथा 15 आजीवन सदस्य वे है जिन्होंने 1 लाख या उससे अधिक की दान राशि देकर सदस्यता ग्रहण की की। बैठक में नरेन्द्र सिंह कच्छवाह, डॉ. ओमकुमारी गहलोत, जसवंत सिंह कच्छवाह बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे। इस मौके संस्थान के पदाधिकारी, आजीवन व साधारण सदस्य तथा गणमान्य मौजूद थे। अंत में संस्थान के अध्यक्ष बाबूलाल पंवार ने सभी का हार्दिक आभार प्रकट करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि समाज के सभी वर्गो का पूर्व की भांति सहयोग एवं आशीर्वाद मिलता रहेगा तथा हरिद्वार में समाज के सभी वर्गो को धर्मशाला में किसी भी प्रकार की तकलीफ न हो यह हमारी पूरी कार्यकारिणी प्रयास करेगी।


**जोधपुर भवन धर्मशाला के दानदाताओं की सूचि :**

1. श्रीमती राधादेवी धर्मपत्नी श्री कालूराम गहलोत
2. श्रीमती यशोदा धर्मपत्नी श्री मदनसिंह गहलोत
3. श्री मंगलसिंह पुत्र श्री चिमनसिंह गहलोत
4. श्रीमती चंद्रकला धर्मपत्नी श्री दिलीपसिंह चौहान
5. श्री प्रदीप पुत्र श्री हरीसिंह चौहान
5. डॉ. ओमकुमारी गहलोत (पूर्व महापौर)
6. श्रीमती विमला धर्मपत्नी श्री राजेन्द्र गहलोत
7. श्री संदीप पुत्र श्री सोहनसिंह गहलोत
8. श्री कल्याणसिंह पुत्र श्री रामो जी गहलोत
9. श्री अनिल पुत्र श्री मनोहरसिंह गहलोत
10. श्रीमती रेखा धर्मपत्नी अनिल कच्छवाहा
11. श्री नवीन पुत्र श्री दिलीप कच्छवाहा
12. श्री सुनील पुत्र श्री जगदीश परिहार
13. श्री चंदनसिंह पुत्र श्री हरिसिंह कच्छवाहा

# गुलामगीरी

## महात्मा ज्योति बा फूले

कितनी अजीब बात है। देश में आज भी यदा -कदा ऊंच नीच की खबरें सार्वजनिक होती रहती है। इंसान से इंसान का फर्क आज भी जारी है, भले ही कम रूप में सही। बहुत सालों पहले महान समाज सुधारक महात्मा ज्योति बा फूले ने पुस्तक 'गुलाम गीरी' के जरिए धर्म के नाम पर चल रहे पाखंड पर करारा व्यंग्य किया था। यह पुस्तक आज भी बेहद प्रांसगिक दिखलाई देती है।




## खास बात

दक्षिण अफ्रीका के पहले अश्वते राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला साल 1990 में भारत यात्रा पर आए थे। उस दौरान महात्मा ज्योतिबा फूले की पुण्यतिथि के शताब्दी महोत्सव पर मंडेला को फूले द्वारा 1873 में लिखि गई 'गुलामगीरी' का अंग्रेजी अनुवाद 'स्लेवरी' भेंट किया गया था।

# माली सैनी समाज का सामूहिक विवाह सम्पन्न

## धूमधाम से हुई पारम्परिक रस्सें, गाजे-बाजें से पहुंची बारातें, आयोजन को लेकर की गई थी चौक-चौबंद व्यवस्थाएं



बीकानेर माली श्रेणी समाज का दूसरा विवाह आयोजन शुक्रवार को सोमेश्वर बस्ती स्थित शिव काशी मंदिर परिसर में धूमधाम पारम्परिक रिती रिवाजों के साथ सम्पन्न हुआ। जिससे माली सैनी समाज सहित विभिन्न समाज व क्षेत्रों नवयुवक लोगों ने उपस्थित होकर नवविवाहित जोड़ो को मंगलमय एवं सुखमय जीवन का आशीर्वाद प्रदान किया।

माली सैनी सामूहिक विवाह संस्थान के तत्वाधधान में आयोजित सामूहिक विवाह के दौरान बड़ी संख्या में व लोगो सहित विभिन्न समाज के आगे शामिल हुए। संस्थान सचिव रामकुमार खंडगावत के अनुसार बारातों से दूल्हों को संस्थान के पदाधिकारियों वधू के पक्ष के लोगो ने स्वागत सत्कार किया। मांगलिका कार्यक्रमों में बारात स्वागत के साथ तोर पंच वरमाला पाणिग्रहण संस्कार कार्यक्रमों के आयोजन हुए। पण्डित विष्णुदत पुरोहित के सानिध्य में ब्राह्मणों के सामूहिक कांकेकरण के खोज विवाह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस दौरान संस्थान के पदाधिकारीयों सहित समाज के लोगों ने विभिन्न व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने में सहयोग किया। खड़गावत के अनुसार सामूहिक विवाह के दौरान दो दुल्हे व एक दुल्हन बीकानेर के बाहर से विवाह के लिए पहुंचे।

**ये हुए उपस्थित :** माली सैनी समाज के सामूहिक विवाह के दौरान संख्या में विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोग उपस्थित हुए। संस्थान के राजकुमार खडगावत के अनुसार केन्द्रीय वित राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, विधायक गोपाल जोशी, पूर्व मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला, पूर्व मंत्री राजेन्द्र गहलोत, समाजसेवी गोपाल गहलोत, माली महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष गुलाब गहलोत सहित समाज के गणमान्य व लोग व अन्य क्षेत्रों के लोग उपस्थित हुए।

